दिन– शुक्रवार

दिनांक– 06 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने को कहा।

02 उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में अब पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड में बनेंगे मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने श्रम संसाधन विभाग के सहायक निदेशक परमजय सिंह को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

04. और, अंडर–नाईटिन विश्वकप क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने एक सौ पचहत्तर रनों की शानदार पारी खेली।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र की अपनी एक अलग शैली होती है, और उन्हें अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना चाहिए।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने विद्यार्थियों से शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुनने और उन्हें गहराई से समझने पर जोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि सच्चा आत्मविश्वास तब आता है जब मार्गदर्शन को आत्म–विश्वास के साथ जोड़ा जाता है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतिम लक्ष्य केवल अंक नहीं, बल्कि जीवन का संपूर्ण विकास होना चाहिए।

–––बाइट–––

---

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा विभिन्न आयु वर्ग के करोड़ों छात्रों को प्रेरित करती है। श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अन्नपूर्णा देवी, गिरिराज सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत और जयंत चौधरी सहित अन्य मंत्रियों ने परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण को सुना।

---

प्रदेश के सभी जिलों में विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। स्कूली बच्चों ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें परीक्षा के तनाव को दूर करने में मदद मिलेगी।

———वॉक्सपॉप———

---

बिहार विधानसभा की कार्यवाही आज सुचारू रूप से चली। प्रश्नोत्तर काल में आईआईपी के इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के एक सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में अब पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेंगे।

———बाइट———

भाजपा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के एक पूरक के उत्तर में श्री चौधरी ने बताया कि विधायकों और विधान पार्षदों को कैशलेश इलाज की सुविधा मिलेगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए जल्द ही नीति लाई जाएगी। विधानसभा में भोजनावकाश के बाद वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा हुई।

---

इधर, विधान परिषद में भी आज की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से चली। प्रश्नोत्तर काल के दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने जदयू के संजीव कुमार सिंह के एक तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सरकार मदरसा और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने पर विचार करेगी। कांग्रेस के मदन मोहन झा के ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा वित्तरहित महाविद्यालयों के शिक्षक

और कर्मियों को वेतन और अन्य सुविधाएं देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनी है। समिति की अनुशंसा के आलोक में विभाग फैसला लेगा। भोजनावकाश के बाद सदन में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा की शुरूआत हुयी।

---

बिहार विधानसभा के कल होने वाले स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, संबोधित करेंगे।

---

राज्य सरकार किसी प्रवासी मजदूर की राज्य या देश के बाहर मृत्यु होने पर उसके पार्थिव शरीर को अपने खर्च पर वापस लाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रवासी मजदूरों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसके इलाज का पूरा खर्च भी सरकार वहन करेगी। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने सड़क दुर्घटना प्रभावितों के लिए मुआवजे की राशि को भी दोगुना करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने कुल सत्रह प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

---

देश में अब तक कुल आठ करोड़ सैंतालीस लाख से अधिक किसान पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में बिहार सहित उन्नीस राज्यों में किसान पहचान पत्र जारी किए जा रहे हैं।

———बाइट———

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ते हुए उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री यादव पटना के गांधी

मैदान में कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर जिले में विशेष फसल के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।

———बाइट———

श्री यादव ने कहा कि मखाना उत्पादक किसानों की बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

---

विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम के तहत अब श्रमिकों को सौ दिनों की जगह एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार मिलेगा। कटिहार के उपविकास आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि इस अधिनियम के तहत मनरेगा की कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

———बाइट———

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार विधानसभा चुनाव रद्द करने की मांग वाली जनसुराज पार्टी की याचिका को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि जनसुराज को पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया है, जिसके बाद आप न्यायालय का इस्तेमाल लोकप्रियता हासिल करने में कर रहे हैं।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने श्रम संसाधन विभाग के सहायक निदेशक परमजय सिंह को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पटना स्थित नियोजन भवन से यह गिरफ्तारी हुयी है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को कार्यालय और उपस्कर खर्च के लिए जारी किये गए रुपये के लिए गिरफ्तार अधिकारी घूस ले रहा था।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल से फरार दो लाख रुपये के ईनामी अपराधी प्रिंस को पुलिस ने एनकांउटर में मार गिराया है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम

सिहाग ने बताया कि मृतक अपराधी हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दीग्घी हनुमानगर में एक मकान में रह रहा था। गुप्त सूचना पर पहुंची पुलिस और एसटीएफ की टीम पर अपराधी प्रिंस ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। मौके से मृतक अपराधी के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। प्रिंस गोरौल थाना क्षेत्र का रहने वाला था और उस पर एक पुलिस जवान की हत्या समेत कुल अट्ठाईस मामले दर्ज थे।

———————————————————————

अंडर नाईंटिन विश्वकप क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया। जिम्मवाबे के हरारे में खेले जा रहे मैच में वैभव ने अस्सी गेंदों पर एक सौ पचहत्तर रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान पंद्रह चौके और पंद्रह छक्के लगाए। वैभव की पारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को चार सौ बारह रनों का लक्ष्य दिया, जो अंडर नाईंटिन विश्वकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नेत्रहीन महिला टी—ट्वेंटी विश्वकप की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें तेईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ पचास रुपये का चेक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बिहार की एक साधारण घर की बेटी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बिहटा गांव के पास स्कूल वैन और पिकअप वैन की सीधी टक्कर में सात बच्चे घायल हो गए। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र के चिकनी धर्मकांटा के पास से एसएसबी ने तीन हजार दो सौ अस्सी बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने को कहा।

02 उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में अब पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड में बनेंगे मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने श्रम संसाधन विभाग के सहायक निदेशक परमजय सिंह को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

04. और, अंडर–नाईंटिन विश्वकप क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने एक सौ पचहत्तर रनों की शानदार पारी खेली।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।